प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 मंगलवार दिनांक 24.12.2024

मुख्य समाचारः–

- प्रदेश में नगरीय निकायों के महापौर और अध्यक्षों के पदों का आरक्षण सत्ताईस दिसंबर को होगा–जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के लिए तीस दिसंबर को होगी आरक्षण की कार्यवाही।
- नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना की जाएगी–लगभग पांच हजार बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विकास।
- प्रदेश के सभी जिलों में दाल–भात केंद्र शुरू किए जाएंगे।
- आस्था और उल्लास के साथ कल मनाया जाएगा क्रिसमस–वहीं, कल ही पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

निकाय चुनाव–आरक्षण

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्षों के पदों का आरक्षण आगामी सत्ताईस दिसंबर को किया जाएगा। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के मुताबिक महापौर और अध्यक्षों के पदों के आरक्षण की कार्यवाही राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सत्ताईस दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे से शुरू की जाएगी।

वहीं, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी आरक्षण की कार्यवाही के लिए समय–सारिणी घोषित कर दी गई है। इसके मुताबिक अट्ठाईस और उनतीस दिसंबर को जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के आरक्षण की कार्यवाही तथा अधिसूचना का प्रकाशन कलेक्टरों द्वारा किया जाएगा।

इसी तरह, राज्य के तैंतीस जिला पंचायतों के अध्यक्ष पदों के आरक्षण और महिलाओं के लिए आरक्षण की कार्यवाही आगामी तीस दिसंबर को सुबह दस बजे ठाकुर प्यारेलाल पंचायत और ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा में की जाएगी।

नवा रायपुर–मेडिसिटी प्रस्ताव

नवा रायपुर अटल नगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए अटल नगर विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नवा रायपुर के सेक्टर–सैंतीस में भूमि का चिन्हांकन किया गया है। लगभग दो सौ एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस प्रोजेक्ट में निजी निवेश की सहायता से लगभग पांच हजार बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मेडिसिटी की स्थापना के लिए हाल ही में केन्द्र सरकार के उपक्रम इंफ्राटेक सर्विसेस लिमिटेड के साथ नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने समन्वय बैठक भी की है। इस बैठक में मेडिसिटी परियोजना को साकार किए जाने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। यह मेडिसिटी न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि सीमावर्ती राज्यों के नागरिकों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेंगी।

इस मेडिसिटी में कई अग्रणी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, धर्मशाला, होटल और वाणिज्यिक एकीकृत विकास करना प्रस्तावित है। इसके लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के लिए भी राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट के समीप इस मेडिसिटी के विकास से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।

श्रम मंत्री–राशि अंतरण

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज प्रदेश के छियासठ हजार से अधिक श्रमवीरों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब उनचास करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इस मौके पर श्री देवांगन ने प्रदेश के सभी जिलों में दाल–भात केंद्र शुरू करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने श्रमिकों के बच्चों को श्रम कल्याण मंडल की ओर से

कोचिंग दिए जाने की बात कही। रायपुर के शंकर नगर स्थित निवास में आयोजित कार्यक्रम में श्रम मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश के हित में काम कर रही है। कल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

भाजपा–बैठक

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के शीर्ष नेतृत्व की आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन में बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के विकास को नई दिशा देने, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और जनहित के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी योजनाओं को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। इसके अलावा संगठन के कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। हर साल चौबीस दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इस वर्ष का विषय है – वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए राज्य और जिला स्तर पर आयोग संचालित है। केन्द्र सरकार ने बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदारी को ध्यान में रखते हुए ई–कॉमर्स संबंधी नियम भी बनाए हैं। श्री साय ने कहा कि ग्राहकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सजग रहना चाहिए।

वहीं, बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया, जेवरा और बीजाभाठ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की जानकारी देने के साथ ही उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के बारे में बताया गया।

राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज गरियाबंद जिले में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने दो सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को डिग्री, उनतीस को पीएचडी की उपाधि और तेरह विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने शिक्षा को समाज में परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी साधन बताते हुए छात्र–छात्राओं से राज्य और राष्ट्र के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं वाला प्रदेश है और युवा उसकी ताकत है। श्री डेका ने विद्यार्थियों से नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक उत्थान में योगदान देने पर जोर दिया। समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर अशोक जिंदल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विनय अग्रवाल, कुलपति आनंद महलवार और कुल सचिव बी.पी. भोल ने भी समारोह को संबोधित कियझं

क्रिसमस

प्रभु यीशु के जन्मदिन का पर्व क्रिसमस कल मनाया जाएगा। इस पर्व की तैयारियां प्रदेशभर में जोर–शोर से चल रही हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थित गिरिजाघरों में आज से ही उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। गिरिजाघरों में आकर्षक साज–सज्जा के साथ झांकियां सजाई गई हैं। आज आधी रात गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना की जाएगी। वहीं, कल प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई जाएंगी। पर्व की तैयारियों को लेकर ईसाई समाज के लोग जोरशोर से जुटे हुए हैं। कहीं क्रिसमस ट्री, तो कहीं सांता क्लॉज के परिधान और अन्य सजावटी सामानों ने बाजार की रौनक बढ़ा दी है।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रभु यीशु के जन्मदिन क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी–जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कल जयंती है। स्वर्गीय वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वर्गीय वाजपेयी को`नमन किया है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि श्री वाजपेयी जी एक महान राजनेता, विराट व्यक्तित्व, महान वक्ता, लेखक और बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के साथ–साथ एक जननायक भी थे।

श्याम बेनेगल–निधन

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का कल शाम मुंबई में नब्बे वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री बेनेगल के निधन पर शोक जताया है।

इस बीच, प्रसिद्ध पटकथा लेखक और स्वर्गीय बेनेगल की तीन फिल्मों की कहानी लिखने वाले अशोक मिश्रा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्याम बेनेगल को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने बताया कि

राजनांदगांव–स्वच्छता पखवाड़ा

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल राजनांदगांव जिले के नगरीय निकायों में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने

घर–घर कचरा संग्रहण के लिए बीस ई–रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को सौ नग ट्राइसिकल और सौ नग व्हील बैरो वितरित किए।

## मौसम

प्रदेश में कल बस्तर संभाग में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि

## संक्षिप्त समाचार

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की कल जयंती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उन्हें नमन किया है।
- छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से अब तक पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हो गई है, वे आगामी इकतीस दिसंबर तक नवीनीकरण करा सकते हैं।
- ट्रांसजेंडरों को नागरिक अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देने के लिए कल रायपुर विकास प्राधिकरण में कार्यशाला  का आयोजन किया गया।
- राजधानी रायपुर में आगामी सत्ताईस दिसंबर से चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीडा प्रतियोगिता शुरू होगी। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आज अंडमान–निकोबार के बीस और मणिपुर के अट्ठाईस खिलाड़ियों का दल रायपुर पहुंचा।

<><><><><><>